नस्ति संख्या 4-19/2016-हि.प्र.वि. (शै.)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)
शैक्षणिक शाखा, समरहिल शिमला-171005

दिनांकः 08 AUG 2023

अधिसूचना

महाविद्यालय के प्राचार्य व विभिन्न छात्रों से प्राप्त प्रतिवेदनों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के उपरांत प्रति-कुलपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने उन छात्रों को जो प्रदेश में मानसून की अत्याधिक बारिश होने एवं सडक मार्ग बन्द होने के कारण निधार्रित समयावधि में महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश नहीं ले सके, उनके हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त सरकारी, गैर-सरकारी महाविद्यालयों में प्रवेश की अन्तिम दिनांक 20.08.2023 तक बढाने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया है।

इसके अतिरिक्त सभी कोर्सो में प्रवेश हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अध्यादेश, महाविद्यालयों की विवरण-पुस्तिकाओं में दर्शाए नियमों तथा अधिष्ठाता अध्ययन के कार्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

08/08/2023
कुलसचिव
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,
शिमला-171005.

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि दिनांकः 08 AUG 2023
प्रतिलिपि सूचनार्थ हेतु प्रेषितः-

1. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला-5 से सम्बद्धता प्राप्त सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचनार्थ एवं निदेर्शित किया जाता है कि उपरोक्त अधिसूचना को अपने सूचना पट्ट पर सभी छात्रों की सुविधा के लिए लगाया जाए।
2. प्रधान सचिव, शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
3. निदेशक उच्च शिक्षा , हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-1.
4. परीक्षा नियन्त्रक, हि.प्र.वि. शिमला-5.
5. अधिष्ठाता अध्ययन, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5.
6. क्षेत्रीय निदेशक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, धर्मशाला/ निदेशक आई.सी.डी.ई.ओ.एल. शिमला-5.
7. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव, गोपनीय/परीक्षा/मूल्याकंन /पूर्नमूल्यांकन/संचालन/आर.एम.ई./डिग्री सैल/सामान्य प्रशासन/इन्टरनल ऑडिट/ए.आर.ओ, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5.
8. पी.आर.ओ. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से अनुरोध है कि उपरोक्त अधिसूचना को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाए व आकाशवाणी शिमला से भी प्रसारित किया जाए।
9. सचिव कुलपति/वरिष्ठ निजी सचिव कुलपति/कुलसचिव, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5.
10. वैब एडमिन, परीक्षा शाखा, हि.प्र.वि. को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने/दर्शाने हेतु प्रेषित।
11. प्रभारी पूछताछ, अनुभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला-5.
12. रक्षक नस्ति।

कुलसचिव